PlanetRead

Literacy for a Billion

Movie: Kanyadaan
Year: 1969

Song: Likhe Jo Khat Tujhe
Lyricist: Neeraj

लिखे जो ख़त तुझे
वो तेरी याद में
हज़ारों रंग के
नज़ारे बन गए

लिखे जो ख़त तुझे
वो तेरी याद में
हज़ारों रंग के
नज़ारे बन गए

सवेरा जब हुआ
तो फूल बन गए
जो रात आई तो
सितारे बन गए

लिखे जो ख़त तुझे

कोई नग़मा कहीं गूँजा
कहा दिल ने
ये तू आई
कहीं चटकी कली कोई
मैं ये समझा तू शरमाई
कोई खुशबू कहीं बिखरी
लगा ये ज़ुल्फ़ लहराई

लिखे जो ख़त तुझे
वो तेरी याद में
हज़ारों रंग के
नज़ारे बन गए

सवेरा जब हुआ
तो फूल बन गए
जो रात आई तो
सितारे बन गए

लिखे जो ख़त तुझे

फ़िज़ा रंगीं अदा रंगीं
ये इठलाना ये शरमाना
ये अँगड़ाई ये तनहाई
ये तरसाकर चले जाना
बना देगा नहीं किसको
जवाँ जादू ये दीवाना

लिखे जो ख़त तुझे
वो तेरी याद में
हज़ारों रंग के
नज़ारे बन गए

सवेरा जब हुआ
तो फूल बन गए
जो रात आई तो
सितारे बन गए

लिखे जो ख़त तुझे

जहाँ तू है वहाँ मैं हूँ
मेरे दिल की तू धड़कन है
मुसाफ़िर मैं तू मंज़िल है

Literacy for a Billion

मैं प्यासा हूँ तू सावन है
मेरी दुनिया ये नज़रे हैं
मेरी जन्नत ये दामन है

लिखे जो ख़त तुझे
वो तेरी याद में
हज़ारों रंग के

नज़ारे बन गए
सवेरा जब हुआ
तो फूल बन गए
जो रात आई तो
सितारे बन गए

लिखे जो ख़त तुझे

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.